# श्रीमती एम. एम. के. कॉलेज वाणिज्य एवं अर्थशास्त्र महाविद्यालय

## प्रथम सत्र कृति पत्रिका - २०१९

विषय - हिन्दी

कक्षा - ११ वी
दिनांक : 30.1[illegible].2019

समय - २ घंटे ३०मि.
अंक - ५०

सूचना : (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
(2) सूचना के अनुसार आकृतियों में ही उत्तर लिखना अपेक्षित है।

**कृति १. अ) निम्नलिखित पठित गदयांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए:**

कोई दुकानवाला त्योहारों पर होने वाली छुट्टियों की अग्रिम सूचना दे रहा है। फलाँ-फलाँ तारीख को दुकान बंद रहेगी । आज ही जरुरत का समान जमा कर लो । हमें तो आपकी बड़ी चिंता रहती है । हमें पता है, इसके बिना रह नहीं पाओगे । दोनुगी कीमत में पाने के लिए दर-दर भटकोगे । फिर लोग कहते हैं, मनुष्य में संवेदनशीलता खत्म होती जा रही है। जब तक हम रहेंगे, मनुष्यता बची रहेगी।

बाजार की चिल्लपों से घबराकर घर आता हूँ। मनोरंजन के लिए टीवी ऑन करता हूँ । समाचार चैनल खबरों के नाम पर डरा रहे हैं। मौसम का हाल जानना चाहता हूँ तो ४५ डिग्री के तापमान को कुछ इस तरह बताया जा रहा है गर्मी की तपिश से जानता बेहाल । आकाश से आग की बरसात। आप अगर जीवित रहना चाहते हैं और अपना भला चाहते हैं तो घर से बाहर न निकलें। आपका गर्मी से आया पसीना अब आपको पूरी तरह नहला देगा। इसी तरह सर्दी के खौफनाक वर्णन से आप रजाई में भी कँपकँपी महसूस कर सकते हैं। असल बात दर्शकों का मनोरंजन है। खबर भी पता चल जाए और मनोरंजन भी हो जाए। यह तो सोने पे सुहागावाली बात हो गई। वह एक खबर को दस बार अलग-अलग तरीके से फिर-फिर दोहराएगा। वह सबका भला चाहता है। उसका साध्य पवित्र है। साधन से समझौता कर ले पर साध्य साफ होना चाहिए। दरअसल यह हमारा भला चाहने वाले हैं जिनकी चिंता को हम ठीक से समझ नहीं पा रहे । गर्मी -सर्दी, सूखा-बाढ़ के प्रकोप से आदमी बच भी जाए, इनकी भाषा के मर्मांतक प्रहार से मरना लाजिमी है।

**१. कृति पूर्ण कीजिए:** २

त्योहारों पर दुकानदार दवारा दी जाने वाली अग्रिम सूचना

**२. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए:** २

१) पवित्र २) गर्मी ३) भला ४) बंद

**३. समाचारों को बढ़ा-चढ़ा कर दिखाना उचित है।- इस विषय पर ४० से ५० शब्दों में अपना अभिमत लिखिए।** २

**(आ)निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर ८० से १०० शब्दों में लिखिए:** ३+३

(1) अखबार के दफ्तर से आए दो युवाओं से मिले लेखक के अनुभव को अपने शब्दों में लिखिए।
(2) 'उषा की दीपावली' लघुकथा द्वारा प्राप्त संदेश लिखिए।
(3) 'मेरा भला करने वालों से बचाएँ' पाठ के आधार पर ग्राहकों की स्थिति का चित्रण कीजिए।

**कृति २.(अ) निम्नलिखित पदयांश को पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ पूर्ण कीजिए:**

अपनी आँखों में जब भी देखा है
एक बच्चा-सा खुद को पाया है
कौन कहता है उम्र बढ़ती है ?

आँसू- खुशियाँ एक ही शय हैं, नाम अलग हैं इनके
पेड़ में जैसे बीज छुपा है, बीज में पेड़ है जैसे
एक में जिसने दूजा देखा, वह ही सच्चा ज्ञानी।

चाहे कितनी ही मुश्किलें आएँ
छोड़ना मत उम्मीद का दामन
नाउम्मीदी तो मौत है प्यारे।



Scanned by CamScanner

१. कृति पूर्ण कीजिए: २

i. ये दोनों एक ही शय हैं -

ii. कवि ने खुद को पाया है -

iii. पेड़ में छुपा है -

iii. नाउम्मीदी है -

२. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए:- २

१. उम्र २. दुना ३. मुश्किलें ४. उम्मीद

३. 'उम्मीद पर दुनिया कायम है।' इस पर अपना अनुभव लिखिए। २

(आ) प्रश्न पत्र में दी गई 'प्रेरणा 'कविता की त्रिवेणियों का रसास्वादन कीजिए। ६

अथवा

पंद्रह अगस्त कविता का रस ग्रहण कीजिए।

कृति ३.(अ) निम्नलिखित संवादों के आधार पर कृतियाँ पूर्ण कीजिए:

**कंपाउंडर** : पैर साइड कर, यह सरकारी अस्पताल है तुम्हारे घर का बेड नहीं...! इसके बाजू कौन ऊपर करेगा... ? मैं...! जल्दी कर...

**डॉक्टर** : आपके बेटे को खून की जरूरत है, जल्द-से-जल्द कहीं से इंतजाम कीजिए...

**माँ** : डॉक्टर साहब, आप मेरा खून ले लो।

**बहन** : डॉक्टर साहब, आप मेरा खून ले लीजिए।

**डॉक्टर** : जी नहीं, हम बच्ची का खून नहीं ले सकते और माता जी आप पहले ही ब्लड डोनेट कर चुकी हैं, आप कहीं और से इंतजाम कीजिए।

**माँ** : डॉक्टर साहब हर जगह कोशिश कर ली, कहीं नहीं मिल रहा है...

**कंपाउंडर** : तो आप खरीद क्यों नहीं लेतीं... ?

**माँ** : कहाँ से खरीदें भाई साहब ? लोगों के घर जाकर झाड़ू-बर्तन करती हूँ। उससे जो पैसे आते हैं; इसकी दवाई में खर्च हो जाते और जो बचता है, उसमे से स्कूल की फीस जाती है और बाकी बचता क्या है ? हम खाएँ क्या ? पहनें क्या ? भाई साहब! अब आप ही कुछ मदद कीजिए, आप ही हमारा आखिरी सहारा है, आप ही कुछ कीजिए।

**कंपाउंडर** : पता भी है, एक खून की बोतल की कीमत क्या है ? मैं कहाँ से इंतजाम करूँ... ?

**माँ** : भैया देखिए ना! मेरे बेटे को क्या हो गया... ? यह साँस नहीं ले रहा...डॉक्टर साहब को बुलाइए।

**बहन** : माँ भैया को क्या हो रहा है ? डॉक्टर साहब... देखिए भैया साँस नहीं...

**डॉक्टर** : आई एम सॉरी...! आपका बेटा... (माँ दहाड़े मारकर रोती है।)

१. कारण लिखिए: २

i. माँ रक्तदान नहीं कर सकती -

ii. माँ रक्त खरीद नहीं सकती -

२. उचित मिलान कीजिए: २

| (अ) | (ब) |
|---|---|
| डॉक्टर | दान |
| इंतजाम | खून |
| डोनेट | चिकित्सक |
| ब्लड | प्रबंध |

(आ) निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर ८० से १०० शब्दों में लिखिए:- ४

१. रक्तदान श्रेष्ठदान - विषय पर अपने विचार लिखिए।

२. नुक्कड़ नाटक की कोई दो विशेषताएँ लिखकर स्पष्टीकरण कीजिए।



Scanned by CamScanner

कृति ४ (अ) किसी सफल व्यवसायी के साथ साक्षात्कार तैयार कीजिए। ४

(आ) किसी सुगंधित अगरबत्ती का विज्ञापन तैयार कीजिए। ४

(इ) निम्नलिखित शब्दों के लिए हिंदी पारिभाषिक शब्द लिखिए: (केवल चार) ४

1. Session
2. Accountant
3. Average
4. Act
5. Audit
6. Agreement

कृति ५ (अ) निम्नलिखित पंक्तियों में से उद्धृत अलंकार पहचानकर उसका नाम लिखिए: २

१. अबला जीवन हाय! तुम्हारी यह कहानी
आँचल में है दूध और आँखो में पानी।।

२. बुंदेले हरबोलो के मुँह हमने सुनी कहानी थी,
खूब लड़ी मर्दानी, वह तो झाँसी वाली रानी थी।।

(आ) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं दो मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए: २

१.कदम बढ़ाना २. आँखे फटी रह जाना ३. एक आँख से देखना

(इ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्ही दो वाक्यों के सूचनानुसार काल परिवर्तन करके फिर से लिखिए: २

१.उषा की आँखें विस्मय से भर उठीं। (पूर्ण भूतकाल)

२.मॉल में कपड़ों की सेल लगी है। (भविष्यकाल)

३.समाचार चैनल खबरों के नाम पर डरा रहे हैं। (सामान्य वर्तमानकाल)

*************

Scanned by CamScanner